*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# प्राप्त अवसरों का लाभ उठाकर आगे बढ़े - कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## नागपुर से आए विद्यार्थियों को दिया सफलता का मंत्र

वर्धा दि. 16 अक्तूबर 2015- जीवन में सफल होने के लिए प्राप्त अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। अपने व्यवहार और संप्रेषण कौशल से दूसरों को प्रभावित करने की कला हासिल करें और सकारात्मक सोच से चुनौतियों का सामना करें। ये विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने नागपुर के सेंट्रल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एण्ड फैशन टेक्नोलॉजी के छात्रों के सामने रखे।



शुक्रवार को हबीब तनवीर सभागार में नागपुर से शैक्षणिक भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं के सामने कुलपति प्रो. मिश्र ने जीवन में सफलता का मंत्र देते हुए उनसे वार्तालाप किया। इस अवसर पर संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय, सेंट्रल इंडिया इंस्टीटयूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एण्ड फैशन टेक्नोलॉजी के निदेशक सुनील मिश्रा, जनसंपर्क अधिकारी मंचासीन थे।




छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कुलपति ने कहा कि अच्छे संप्रेषक बनने के लिए भाषा महत्वपूर्ण माध्यम है और विदेशी भाषा का ज्ञान होना तीव्र गति के विकास का द्योतक है। आज मीडिया का प्रभाव है और उसका असर समाज के तमाम घटकों पर हो रहा है, ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने आप को अप-टू-डेट रखें और नए-नए अवसरों की खोज कर पसंदीदा क्षेत्र का चुनाव करें। उन्होंने मनोवैज्ञानिक तरीके से विद्यार्थियों की मानसिकता और शिक्षा में हो रहे परिवर्तनों को अधोरेखित करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच ही जीवन में सफलता का एकमात्र मंत्र है।



विद्यार्थियों के स्वागत में प्रो. अनिल कुमार राय ने छात्रों से अपील की कि वे परिस्थितियों की पहचान कर शिक्षा ग्रहण करें और नये-नये क्षेत्रों में आगे बढ़े। सुनील मिश्र ने विश्वविद्यालय के प्रति आभार जताकर शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ जुड़ने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे ने किया।



अतिथियों का स्वागत 'लीला' प्रभारी गिरीश पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रोफेसर शंभू जोशी ने किया।